**खबर संक्षेप**

### राजभान बनाए गए संगठन प्रभारी सागर

**सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस नेता राजभान सिंह को कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर व प्रदेश प्रभारी भवर जितेंद्र सिंह,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग श्रंगार की सहमति से सागर जिला शहर का संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया इस नियुक्ति पर राजभान सिंह ने प्रदेश प्रभारी भवर जितेंद्र सिंह,प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग श्रंगार सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार जताया है।

### 3 अप्रैल तक बंद रहेगा मैहर माता मंदिर का रोपवे



**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर मैहर धाम प्रबंधन की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि आगामी नवरात्रि मेला को मद्देनदर रखते हुए रोपवे का मेंटेनेंस कार्य शुरु हो गया है।ऐसे में 26 मार्च 2024 से 3 अप्रैल 2024 रोपवे का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। मैहर में श्रद्धालुओं को ऊंचे त्रिकूट पर्वत पर विराजमान माता शारदा के दरबार तक पहुंचाने वाला रोपवे बुधवार 26 मार्च से बंद कर दिया गया है। अब आगामी 10 दिनों तक माता के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को एकदम खड़ी चढ़ाई चढ़कर आना होगा। मां शारदा देवी प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार,श्रद्धालुओं के लिए रोपवे की सेवाएं 4 अप्रैल से दौबारा शुरू कर दी जाएंगी।दर्शनार्थी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए बिना कठिनाई के माता शारदा के दर्शन की अभिलाषा पूरी कर सकेंगे। फिलहाल रोप वे सर्विस 26 मार्च से 3 अप्रैल तक मेंटेनेंस के लिए बंद की जाएगी। इस दौरान दर्शनार्थियों को माता के दरबार तक पहुंचने के लिए 1063 सीढ़ियां चढ़ना होंगी।

### प्रकोष्ठ की ड्यूटी में परिवर्तन

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की गतिविधियों के सुचारु संचालन एवं कार्य संपादन के लिये प्रकोष्ठ गठित कर अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई हैं। मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रुम चयन और संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण उप संभाग सतना को सौंपी गई थीं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने ड्यूटी आदेश को संशोधित करते हुये अब यह जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझगवां एके निगम को दी है। इसी प्रकार प्रकोष्ठ की ड्यूटी में तैनात उपयंत्री गोविंद सिंह के 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होने पर उपयंत्री मृत्युंजय सिंह की नियुक्ति की गई हैं।

### आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**सतना।** असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिले के 3 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर और 3 अपराधियों के विरुद्ध संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। धवारी अहिरान मोहल्ला नंदराज यादव पिता नंदकिशोर यादव उम्र 29 वर्ष,मलाहन टोला निवासी उमाधर उर्फ मुन्नू सिंह पिता राजललन सिंह उम्र 28 वर्ष एवं थाना नागौद अंतर्गत बारापत्थर निवासी प्रिंस यादव पिता रामप्रवेश यादव उम्र 26 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

### पर्चा दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्तियों की अनुमति रहेगी

# लोकसभा चुनाव : नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज से

सतना।







भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 पूरे देश में सात चरणों में संपन्न होगा। मध्यप्रदेश में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना के लिये निर्वाचन की प्रक्रिया दूसरे चरण में संपन्न होगी। इसके लिये अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जायेगी और इसी के साथ ही नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु हो जायेगी,जो 4 अप्रैल तक जारी रहेगी। संसदीय क्षेत्र सतना के लिये नामांकन पत्र संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के कक्ष क्रमांक एफ-2 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सतना के कक्ष में लिये जायेंगे। लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर और जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे।

#### नाम वापसी 8 अप्रैल तक

लोकसभा निर्वाचन में प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जायेगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान 26 अप्रैल को किया जायेगा और मतगणना 4 जून को होगी। नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वाहन एवं अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार मतदान के दिन अभ्यर्थी,उसके इलेक्शन एजेंट तथा अभ्यर्थी के इलेक्शन एजेंट/वर्कर/पार्टी वर्कर को सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये केवल एक-एक वाहन की अनुमति रहेगी। संपूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में उपयोग किए जाने वाले सभी वाहनों की अनुमति लेकर अनुमति पत्र/पास वाहन की विंड स्क्रीन पर मूलतः प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। रैली के लिए किराए/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

#### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

लोकसभा निर्वाचन 2024 में अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर,बैनर,पप्लेट,चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो,परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/प्रदर्शित किए जा रहे हों,यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फार्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी,जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राज नीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा। उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी लोकसभा-2024 का चुनाव लडने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी।

# नागौद में सीआरपीएफ के जवानों के साथ पुलिस का फ्लैग मार्च





#### नेटवर्क होकर मतदान करने नागरिकों से अपील

सतना।

नागौद के संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया और नागरिकों से निडर होकर मतदान करने की अपील की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराये जाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती विदिता डागर (आईपीएस) के नेतृत्व में एवं थाना प्रभारी नागौद निरीक्षक अशोक पाण्डेय की मौजूदगी में सीआरपीएफ फोर्स के साथ बल्नरेबल पाकेट्स कस्बा नागौद का भ्रमण कर शातिपूर्ण तरिके से चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु लोगों को आगाह किया गया साथ ही एसडीएम नागौद एपी द्विवेदी के मौजूदगी में बल्नरेबल पाकेट्स ग्राम गंगवरिया एवं ग्राम रहिकवारा का भ्रमण कर लोगो को निडर होकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरिके से मतदान किये जाने हेतु आगाह गया।

# कामायनी से सतना रवाना हुई विवाहिता बच्चे के साथ रहस्यमयी ढंग से लापता

#### मायके जाने के लिये तीन दिन पूर्व ट्रेन पर हुई थी सवार

सतना।

मैहर स्टेशन से कामायनी एक्सप्रेस पर सवार होकर अपने मायके सतना जिले के बठिया कला के लिये रवाना हुई विवाहिता तीन दिन बाद भी अपने घर नहीं पहुंच पायी। उसके साथ उसका डेढ़ वर्षीय पुत्र भी था। महिला का मोबाइल फोन लगातार बंद बता रहा है। विवाहिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट अमदरा थाना में महिला के देवर द्वारा कल दर्ज करवायी गयी है। पुलिस गुमशुदगी कायम करके बच्चे सहित लापता महिला की तलाश कर रही है,किन्तु अभी तक उसके बारे में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। घटना के संबंध में अमदरा थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि लापता महिला अनीता सोनी (29 वर्ष) पत्नी प्रमोद सोनी अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ मायके जाने के लिये मैहर स्टेशन गई और वहां से कामायनी पर सवार होकर सतना के लिये रवाना भी हुई। इसके बाद अनीता बच्चे के साथ कहां गायब हो गयी,इस बात का कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि प्रमोद सोनी के छोटे भाई ने मैहर स्टेशन पहुंच कर ट्रेन टाइम के फुटेज भी देखें हैं,जिसमें उक्त महिला गाड़ी में बैठकर रवाना होते दिखाई पड़ रही है। जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि मैहर स्टेशन तक वह सही सलामत पहुंची और ट्रेन में बैठकर गंतव्य की ओर रवाना हुई।

#### अपनी मर्जी से कहीं चली गयी

हालांकि पुलिस द्वारा की गयी प्राथमिक जांच पड़ताल में विवाहिता के खो जाने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि महिला जहां भी गयी है,अपनी मर्जी से ही गयी। बहरहाल पुलिस इस मामले की बारीकी के साथ जांच पड़ताल कर रही है।

#### मायके व ससुराल पक्ष के लोग चिंतित

उधर महिला का पति प्रमोद सोनी व ससुराल पक्ष के अन्य लोग रहस्यमयी ढंग से अनीता के अचानक लापता हो जाने से बेहद चिंतित हैं। इनके द्वारा आशंका जताई जा रही है कि जब अनीता सतना स्टेशन पर उतरकर अपने मायके बठिया कला के लिये रवाना हुई,संभवतः इसी दौरान उसके साथ कोई घटना घटित हुई। साथ ही अनीता के मायके के लोग भी सकते में पड़े हुये हैं। परिजनों द्वारा अपने नाते-रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां संपर्क करके अनीता तथा बच्चे की खोजबीन की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों को उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# नागौद में कट्टा लेकर धमका रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार



सतना।

नागौद पुलिस ने कट्टा लेकर लोगों को धमका रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से देशी कट्टा भी जप्त किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बारापत्थर का प्रिंस यादव नयागांव रैकवार ढाबा के सामने रोड पर हाथ में देशी कट्टा लेकर लोगों को डरा धमका कर भय एवं आतंक का माहौल ब्याप्त कर रहा है। मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर प्रिंस यादव को दस्तयाब कर उसे मुखबिर सूचना से अवगत कराते हुए उसकी तलासी ली गई जो कि उसके कमर में पीछे दाहिने तरफ एक अदद देशी कट्टा भरमार पुराना इस्तेमाली मिला। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में सहायक उप निरीक्षक हेमराज सिंह प्रआर. अर्पित सेन, अनिल यादव,स्नेह साहू आदि की भूमिका बताई गई है।

# प्रिन्टर्स एसोसियेशन का होली ठिठोली एवं कवि सम्मेलन

सतना।




शहर की व्यापारिक संस्था प्रिन्टर्स एसोसियेशन,सतना का होली की पूर्व संध्या पर ठिठोली एवं कवि सम्मेलन रविवार को हास्य,ओज एवं व्यंग्यात्मक रचनाओं के साथ अमृत वाटिका में संस्था अध्यक्ष संजय शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी सौरभ अग्रवाल (रम्पू) ने बताया किया कि कार्यक्रम में पधारी म.प्र.शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल, विवेक अग्रवाल, पुष्पेन्द्र द्विवेदी दादू, सुधाकर जैन, दिनेश अग्रवाल, मंजूषा शाह, सभी कविगण एवं संस्था पदाधिकारी के आतिथ्य में गधे के चित्र का अनावरण, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष संजय शाह द्वारा दिया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत कागज के डिस्पोजल की माला एवं डिस्पोजल कटोरा देकर किया गया। गायक राजेश कोटवानी द्वारा ये शाम मस्तानी,इश्क नचाये जिसको यार एवं पंकज उदास की गजल चांदी जैसा रंग है तेरा की शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया गया। मंच संचालन सचिव संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रवेश द्वार में सभी आमंत्रित अतिथियों का दिनेश अग्रवाल,राहुल सिंह,आशीष माहेश्वरी,प्रणव गुप्ता,राजेश मोहाबे द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया। कवि सम्मेलन में शहर के राष्ट्रकवि एवं धृतराष्ट्र कवि के रुप में सर्वप्रथम तामेश्वर शुक्ला 'तारक'(गीतकार) द्वारा पुष्प पथ पर बिछा दीजिये,मन का आंगन सजा दीजिये,राम दौड़े चले आयेंगे खुद को शबरी बना लीजिये गीत से माहौल को राममय कर दिया। कवि तेजभान सिंह (गीतकार) ने भाव कहां से लाऊं जिसमें हल्दी रोली चंदन है,खुशियों की फुलवारी हो सबका वंदन हो,पूर्व और पशचिम से लेकर हिमालय तक धरती का अभिनंदन हो कविता से मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सत्येन्द्र पाण्डेय (ओज एवं शौर्य) द्वारा उनका ऐतबार न करते तो और क्या करते,यूं ही हर बार न मरते,जंग ए मैदान में जो भी थे सब अपने थे,हार न स्वीकार करते तो और क्या करते और देश के शहीदों के मान-सम्मान में अपनी कविता से लोगों में जोश भर दिया। कवयित्री दीपा गौतम (गजल) मैं तो सावन की फुहारों को साथ लाई हूं अपने गीतों में बहारों को साथ लाई हूं से माहौल को खुशनुमा कर दिया। कवि आजाद वतन वर्मा (ओज एवं शौर्य) ने देश के जाबांज सिपाही एवं शहीदों के लिये ओजस्वी कविता का पाठ किया। कौन कहता हैं मैं विधवा हुई हूं,मैने तो सिंदूर भारत माता को चढ़ाया है जैसी ओजस्वी कविता से अतिथियों में जोश भर दिया। कवि रविशंकर चतुर्वेदी (हास्य एवं व्यंग्य) ने अपनी हास्य एवं व्यंग्यात्मक रचनाओं से अतिथियों को खूब हंसाया और गुदगुदाया। राजनीति में दल न बदले ऐसे जनप्रतिनिधि होने का क्या मतलब एवं भगवान श्रीराम के भजन कविता से लोटपोट किया। अंतिम कवि के रुप में रमेश प्रताप सिंह जाखी द्वारा अपनी बघेली गीत एवं कविताओं से लोगों में नया उमंग भर दिया। कवि सम्मेलन का सम्पूर्ण संचालन वरिष्ठ पत्रकार केशव तिवारी द्वारा किया गया एवं आमंत्रित सभी अतिथियों का व्यंग्य कविताओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का पूर्ण लाइव प्रसारण डूला आइसक्रीम के संचालक अशोक खानेचा द्वारा अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया जिसमें देश भर के हजारों लोगों द्वारा लाइव टेलीकास्ट भी देखा गया। कार्यक्रम के अंत में कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। शहर की व्यापारिक संस्था विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन, रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ,जनरल मर्चेन्ट एसोसियेशन, क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसियेशन, जिला शासन-प्रशासन,प्रिंट मीडिया,इलेक्ट्रानिक मीडिया, अमृत वाटिका का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। आभार प्रदर्शन अरविंद सिंह निराला द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट ठण्डई एवं गुझिया के साथ सम्पन्न हुआ।

# बगदरा घाटी में मिली भगवान की टूटी हुई मूर्ति

#### होली के दिन और असामाजिक तत्वों के उत्पात की मिल रही जानकारी

**सतना।** बगदरा घाटी में होली के दिन कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाये जाने की खबर मिली है। जिस पर चित्रकूट थाना प्रभारी पंकज शुक्ला पुलिस बल सहित सुबह मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। घटना के संबंध में चित्रकूट पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त गोदावरी मोड़ के पास सुरंगी गांव में निवासरत एक वृद्ध जंगल के किनारे ऊंचे टीले पर भगवान की प्रतिमा स्थापित करके रोजाना पूजा-पाठ किया करता था। विगत दिवस होली के मौके पर सुबह पूजा-पाठ करने के बाद वह घर चला गया था। आज सुबह जब वह देवस्थान पहुंचा तो मूर्ति जमीन में नीचे पड़ी हुई थी। इस बात की सूचना कुछ लोगों द्वारा चित्रकूट पुलिस को दी गयी। जिस पर थाना प्रभारी पंकज शुक्ला पुलिस बल सहित आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा मौका मुआयना करने के साथ इस मामले की खोजबीन शुरू की गयी। पुलिस का कहना है कि अभी स्पष्ट तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि मूर्ति को ऊपर से नीचे किसने फेंका। यह काम किसी मवेशी अथवा बंदरों का भी हो सकता है। यह भी संभव है कि कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा नशे की हालत में इस कृत्य को अंजाम दिया गया हो। पुलिस सभी बिन्दुओं पर विचार कर पतासाजी कर रही है। समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल सका है कि मूर्ति कैसे नीचे गिरकर टूटी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुरंगी ग्राम निवासी उक्त वृद्ध पारिवारिक प्रताडन्ना से बचने के लिये बगदरा घाटी के पास जंगल के किनारे एक मूर्ति स्थापित करके बहुत दिनों से पूजा-पाठ करता चला आ रहा है। इस घाटी से होकर जो पर्यटक यात्री निकलते,वे बाबा को कुछ रुपये पैसे दे जाया करते थे। यह बाबा शाम को पैसे एकत्रित कर अपने घर सुरंगी चला जाता था। घटना की रात भी वह भगवान की पूजा करने के बाद घर चला गया था। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पन्ना पहाड़ीखेरा सड़क बनते ही उखड़ना शुरू

## कई जानें ले चुकी यह पन्ना पहाड़ीखेरा निर्माणाधीन सड़क






### बनते ही पुल टूटा, बाल बाल बचे मजदूर, लापरवाही की हद कर दी पार चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसा, मनमाने ढंग से हो रहा सड़क और पुल के निर्माण कार्य

पन्ना।

पन्ना पहाड़ीखेड़ा मार्ग लगातार जिले की सुर्खियां बना रहा है क्योंकि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही है सड़क निर्माण में लापरवाहियों को अंजाम देने में लगाम नही लग पाई है निर्माणाधीन पन्ना-पहाड़ीखेड़ा मार्ग के निर्माण कार्य की जांच में 20 दिन पहले अफसरों को काई गड़बड़ी नहीं मिली थी। अफसरों ने ठेकेदार और पीडब्ल्यूड महकमे को क्लीन चिट दी थी। पन्ना पहाडीखेरा मार्ग के पास इटवा खास गांव का निर्माणाधीन पुल शनिवार को एकाएक धराशायी हो गया। पुल के धराशायी होने के बाद अफसरों की जांच, सड़क निर्माण की गुणवत्ता की हकीकत सामने आ गई है। मार्ग का निर्माण कराने वाले पीडल्यूडी महकमे समेत जांच करने वाले अफसरों ने चुप्पी साध ली है। पन्ना-पहाड़ीखेड़ा मार्ग का निर्माण नियमों का उल्लघन कर किया जा रहा है। बेतरतीब और अनियोजित निर्माण कार्य की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं, लोग जान भी गवां रहे हैं। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है, घटिया निर्माण से लोगों में नाराजगी अभी नहीं जागे तो हर समय बना रहेगा खतरा ठेका कंपनी मेसर्स रविशंकर जायसवाल जबलपुर द्वारा पहले दिन से ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। पीडब्ल्यूडी महकमे के अफसरों से मिलीभगत कर यह गड़बड़ी की जा रही है। ठेका कंपनी के निर्माण कार्य की रोजाना निगरानी करने की आवश्यकता है। जिससे ठेकेदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में गुणवत्ता की अनदेखी न कर पाए। जिले के अफसर जल्द ही नहीं जगेगे तो इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को हमेशा खतरा बना रहेगा मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में पन्ना पहाड़ीखेरा के 38 किलोमीटर का मार्ग, केन्द्रीय सड़क एवं अधोसंरचना निधि के तहत करोड़ो की लागत से स्वीकृत हुआ था और पन्ना पहाड़ीखेरा मार्ग का निर्माण कार्य जोरशोर से हो रहा है। लोगों को उम्मीद थी कि अब शहर में इस सड़क के बनने से रास्त सुगम हो जाएगा ,,उक्त सड़क निर्माण कार्य पहाड़ीखेरा की ओर से प्रारंभ किया गया, सड़क में पहले गिट्टी मटेरियल की गुणवत्ता पर सवाल हुए जांच टीम आई लेकिन सब गोल मोल हो गया ,अब पुलों का काम में लापरवाही बरती गई तो पुल टूट गया,सड़क में 10 से 12 पुल बनाये जिनमे गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया हैऔर कभी भी घटना हो सकती है क्योकि इसकी पोल तो इस पुल के टूटने से पता चल रही हैकि आखिर कैसे टूटा?

### करोड़ों की लागत से बनी सड़क में अभी से निकलने लगा डामर, हिचकोले मारती सड़क

पन्ना पहाड़ीखेड़ा की 38 किलोमीटर सड़क में ठेकेदार जयसवाल कंस्ट्रक्शन द्वारा की लापरवाही भारती गई है कि अभी सड़क को बने एक महीने ही पूरे नहीं हुई और एक तरफ से सड़कों में गड्ढे होते जा रहे लापरवाही और शिकायतों के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किसी भी प्रकार का एक्शन ना लेते हुए भ्रष्टाचार में लिफ्त इंजीनियर एवं अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर, 38 किलोमीटर की सड़क में सब गोल मोल कर दिया है।

### पहले सिंगल सड़क, फिर डिवाइडर, फिर सिंगल हो गई रोड, अपने मन से हो कार्य

उक्त सड़क को अजयगढ़ चौराहे तक नहीं बनाया जायेगा। बताया जाता है कि सड़क निर्माण कार्य शहर के कृषि विभाग कार्यालय तक ही कराया जा रहा है। उस पर भी कृषि विभाग से लोकपाल सागर मोड़ तक के क्षेत्र में सिंगल सड़क बनाई जा रही है. जबकि लोकपाल सागर मोड़ के पास से सुनेहरा मोड़ तक डिवाइडर सड़क बन रही है। गौरतलब है कि सड़क के स्वीकृत प्लान में जनकपुर से अजयगढ़ चौराहा तक संपूर्ण नगरीय क्षेत्र में डिवाइडर सड़क बनाया जाना प्रस्तावित था। लेकिन अधिकारियों ने इसे बदल दिया और मनमाने ढंग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके पीछे अतिक्रमण को बड़ी वजह बताया जा रहा है। अजयगढ़ चौराहे से लोकपाल सागर मोड़ तक व्यापक स्तर पर अतिक्रमण है, यहां कई रसूकदारों के घर हैं, ऐसे में प्रशासन के पास इन अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही का साहस नहीं जुटा पा रहा है, यही कारण है कि सड़क को ही कम कर दिया गया। जबकि प्रशासन शहर में लगातार गरीबों के अतिक्रमण हटाकर वहवाही लूटने का काम कर रहा है। जबकि उक्त सड़क का चौड़ा होना शहर के लिए बेहद जरूरी है, अक्सर सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। शहर के गल्ला मंडी में वाहन अक्सर फंसे रहते है, क्योंकि इस क्षेत्र में सर्वाधिक अतिक्रमण है। लेकिन अतिक्रमण हटाने की बजाए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क को ही कम कर अपना पल्ला झाड़ लिया है।

## खबर संक्षेप

### युवक पर लाठी डंडों से प्राण घातक हमला



**पन्ना।** थाना कोतवाली पन्ना अंतर्गत धरम सागर तालाब में नहाने के एक युवक को घेर कर लगभग 7-8 लोगों ने लाठी डंडों और हॉकी स्टिक से जमकर मारपीट की जिसमें युवक का सिर एवं जबड़ा टूटने की बात सामने आई है। घटना के संबंध में घायल युवक पुष्पेंद्र महदेले ने बताया कि वह होली खेलने के दौरान शरीर में लगे रंग को धोने के लिए धरम सागर तालाब नहाने गया था जहां पहुंचते ही संतोष यादव और मनीष यादव सहित लगभग 7-8 लोगों ने घेर कर लाठी डंडों और हॉकी स्टिक से हमला कर दिया हॉकी स्टिक उसके सिर में और डंडा जबड़े में लगने से वह बेहोश होकर तालाब किनारे गिर गया जिसके बाद उसे कुछ भी याद नहीं रहा। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर युवक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती करवाया गया जहां इलाज चल रहा है। पन्ना कोतवाली पुलिस के द्वारा घायल का बयान लेकर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### आग में जलकर खाक दुकान और मकान



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत बरियारपुर रोड के तहसील तिराहा में बीती रात एक गरीब परिवार की दुकान व मकान में आग लगने से दुकान में रखी 2 झाल चप्पलें एवं लगभग 50 रजाइयों सहित सिलाई मशीन पंखा एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना के संबंध में पीड़ति अनूखा बानो और रज्जब खान ने बताया कि बीती रात वह जब अपने दूसरे घर में चले गए थे तभी रात लगभग 11 बजे सूचना मिली कि घर में आग लग गई है। मौके पर पहुंचे तो दुकान एवं मकान धू-धू कर जल रहा था। पुलिस और फायर ब्रिगेड के द्वारा आग को काबू में करने का प्रयास किया जा रहा था। मौके पर काफी भीड़ लगी थी। जब तक आग काबू हुई दुकान एवं मकान के सामान सहित एक बछिया भी जलकर खाक हो चुकी थी। पीड़ति अनूखा बानो और रज्जब खान ने बताया कि कुछ लोग आए दिन बगल की झोपड़ी में आकर देर रात तक शराब पीते हुए अश्लील गाली-गलौज करते थे जिन्हें रोकने पर आग लगाकर तबाह करने की धमकी दी गई थी पीड़ति परिवार ने उन्ही लोगों पर आग लगाने के आरोप लगाए हैं और मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### श्री ब्रजेन्द्र खरे का निधन



**पन्ना।** जिला पंचायत पन्ना में सहायक परियोजना अधिकारी के पद पर पदस्थ श्री ब्रजेन्द्र खरे का दुःखद निधन। श्री खरे श्रीमति नम्रता खरे शिक्षिका के पति थे। श्री खरे जिला पंचायत पन्ना में पदस्थ रहते हुये बड़े ही कर्मठ कार्यकर्ता थे तथा वह अपने मृदुल स्वभाव के कारण उनकी अलग ही पहचान रही कभी भी उन्होंने किसी कार्य के लिये असमर्थता व्यक्त नहीं की हमेशा पारस परिख सहयोग एवं दूसरों की मदद करने में हमेशा आगे रहते थे। ईश्वर उनको आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

### पत्रकार देवेंद्र द्विवेदी के बब्बा हल्के भैया द्विवेदी का सर्प दंश से हुआ निधन



**पवई।** बीते दिवस सांटा बुद्ध सिंह निवासी आई एन डी 24 के पत्रकार देवेंद्र द्विवेदी के बब्बा श्री हल्के भैया द्विवेदी उम्र 85 वर्ष की सर्प दंश से निधन होने का मामला सामने आया है। बता दें की मंगलबार सुबह जब बे काम कर रहे थे तभी उन्हें एक सर्प ने काट लिया परिवार वाले तत्काल उन्हें सिमरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हटा ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई, अस्पताल में डॉक्टर ने निधन की पुष्टि की। इसके बाद उनके गांव में अंतिम संस्कार किया गया।



### अवैध शराब परिवहन करते आरोपी पकड़ा, 8 पेटी अवैध शराब एवं मोटर साइकल जप्त

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं एस कृष्णा थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने दृअपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब, शस्त्र मादक पदार्थों की बिक्री, भण्डारण, परिवहन एवं निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी तारतम्य में दिनांक 23.03.24 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बिना नम्बर की एच.एफ.डीलक्स मोटर साईकिल में मोन्टी ठाकुर निवासी रंगिया एवं उसके साथ एक और व्यक्ति झाल में शराब लिये पवई से बम्हौरी तरफ जा रहे हैं सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिह, एंव एसडीओपी गुनौर ग्लेडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे तत्काल टीम भेजकर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु बम्हौरी तरफ रवाना हुआ। प्रमोद लोधी के घर के सामने ग्राम कुदरा पहुँचकर मौके पर उपलब्ध अवरोध लगाकर मोटर साईकिल रोकने का इंतजाम किया। एवं मुखबिर के सूचना अनुसार मोटर साइकल के आने पर रोकने का प्रयास किया जो आरोपियो द्वारा मौक पर मोटर साइकल मय शराब से भरी झाल को छोड कर भागे जिनका पीछा किया परन्तु दोनों लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। झाल को समक्ष गवाहान रामकरण वंशकार पिता श्यामलाल वंशकार उम्र 36 साल निवासी ग्राम मझगवाँ सरकार एवं आऱ. 591 तुलसीदास अनुरागी थाना अमानगंज के खोलकर देखा जो झाल में देशी गोवा व्हीस्की मसाला शराब के 400 क्वाटर रखे पाये गये। बिना नम्बर की एच.एफ.डीलक्स मोटर साईकिल जिसका चेचिस नम्बर-डठस्भ7159श्र4थ04594 इंजन नम्बर- भ11म्डश्र4थ04561 कीमती 45000/- रूपये एवं देशी गोवा व्हीस्की मसाला शराब के अवैध 400 क्वाटर कुल मात्रा 72 लीटर कीमती 40000/- रूपये की जप्त किया गया है। एवं आरोपियो के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरी महेन्द्र सिह भदौरिया, प्र.आर मुकेश सोनी, प्र.आर राजीव मिश्रा, आर. हेमत, गिरधारी, बरदानी, तुलसीदास, द्वारिका अहिरवार, मेहरबान सिंह, विश्वास शुक्ला, कोमल चक्रवर्ती एवं करन पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## केसर के रंग, गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां से होली

# सराबोर हो गया महामती प्राणनाथ जी का मंदिर प्रांगण




### देश के विभिन्न प्रांतों से पन्ना पहुंचे सुंदर साथ में जमकर खेली होली

पन्ना।

पवित्र नगरी पन्ना के विश्व प्रसिद्ध महामती प्राणनाथ जी मंदिर में सोमवार को पूरे दिन होली के कार्यक्रम चलते रहे जिसमें फाग गायन कर अपने पिया को रहते हुए सैकड़ो श्रद्धालु होली के रंग में रंगे दिखे। चांदी की पिचकारी से केसर के रंग आमिर गुलाल और फूलों की पंखुड़यिां से भीगे रहे श्रद्धालु। प्रणामी धर्म का आस्था का केंद्र धाम पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में वैसे तो प्रत्येक त्योहर बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया जाते हैं। इन त्योहारों में शिरकत करने जहां देश के कोने कोने से लोग आते हैं तो वहीं विदेश से भी एनआरआई यहां के त्योहरों का आनंद लेने आते हैं। इस मंदिर में अनेक भाषाओं और वेशभूषा के लोग जब हजारों की संख्या में एकत्रित होते हैं, ये सभी एक ही रंग में रंगे दिखते हैं ऐसा दृश्य शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो। प्राणनाथ जी मंदिर में होली का त्यौहार मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर मनाया जाता है।

### केसर व फूल के रंग, शुद्ध गुलाल, फूलों की पंखुड़ी से सराबोर रहते हैं श्रद्धालु

पन्ना शहर में एक मंदिर ऐसा भी है जहां सुंगधित फूलों व केशर के रंग से होली खेली जाती है। मंदिर की इस अनूठी होली का आनंद लेने देश के कोने-कोने से लोग यहां आते हैं और यहां की होली के रंग में सराबोर होते हैं। पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में होली का त्यौहार मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर मनाया जाता है। हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से लोग आकर पूरी श्रद्धाभाव से त्योहार मनाते हैं। यहां केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं होता सिर्फ फूल के रंग के साथ-साथ शुद्ध गुलाल जिसमें किसी प्रकार का केमिकल नहीं होता उसी का उपयोग किया जाता है। सभी एक ही रंग में रंग जाते हैं, जहां अपने-पराये का कोई भेदभाव नहीं रहता।

### दिन भर चला फागों का गायन

महामती प्राणनाथ जी मंदिर की बात की जाएं तो होलिकादहन के एक दिन पूर्व ही फागों के स्वरलहरी में सुंदरसाथ आत्मविभोर होकर अपने धाम धनी को मनाते हैं। होली जलने के दूसरे दिन दोपहर 12 से फागों का गायन शुरू होता है, जिसमें महिला पुरुष बच्चे सभी शामिल रहते हैं। शाम 4 बजे से माहौल बदलता है और वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालु श्री जी के रंग में रंगने लगते हैं। यहां चांदी की पिचकारी में रंग भरकर सभी श्रद्धालु सुंदरसाथ को केसर मिश्रित सुगंधित रंगों के साथ- साथ फूलों की पंखुड़ियों की बरसात कर सराबोर कर देते हैं। यह अनूठी होली शाम 6 बजे तक चलती रहती है। इसके बाद पुनः रात्रि 10 से फागों के स्वरलहरी गायन शुरू होता है जो पूरी रात चलता है।

### देश के कई प्रदेशों व विदेशों से पहुंचे श्रद्धालु

श्री पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में जो कि प्रणामी सम्प्रदाय का प्रमुख तीर्थ स्थल है, यहां प्रत्येक त्यौहार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आते हैं। होली के त्योहार में भी देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का जमावड़ा पन्ना में विगत एक सप्ताह से शुरू हो गया था। मथुरा-वृन्दावन की तरह यहां होली का त्योहार बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस मंदिर में जहां केशर के रंग और गुलाल उड़ती है, तो वहीं फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा सभी सुंदरसाथ का मन मोह लेती है। इस बार श्री प्राणनाथ जी मंदिर में होली के उत्सव में शामिल होने गुजरात, पंजाब, महाराष्ट, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित नेपाल व अमेरिका से भी श्रद्धालुगण पहुंचे हैं।

# आम आदमी पार्टी ने अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर किया जमकर प्रदर्शन



### मोदी का फूंका पुतला

पन्ना।

दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूरे देश मे आम आदमी पार्टी द्वारा मोदी सरकार के विरोध मे धरना प्रदर्शन, पुतला दहल तथा ज्ञापन के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किये जा रहें है। इसी कडी मे पन्ना जिले मे भी आम आदमी पार्टी की महिला ईकाई की प्रदेश सह सचिव अंजली यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमे प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय पंहुचकर सोपा गया। तत्पश्चात गांधी चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो पर कालिख पोतकर पुतला दहन किया गया। इस दौरान श्रीमती यादव ने कहा कि वर्तमान मे भाजपा की मोदी सरकार द्वारा ईडी तथा सीबीआई के माध्यम से विपक्ष के नेताओ को फर्जी मामलो मे फसाकर जेल भेजा जा रहा है तथा लगातार संविधान की हत्या की जा रही है। जिसको लेकर हम लोग शांत नही बैठेगें तथा तानाशाही सरकार का मुंह तोड जवाब देगें। उक्त प्रदर्शन के दौरान अनेक लोग शामिल रहें। राजू खान लोकसभा सचिव खजुराहो, रामेश्वर विश्वकर्मा ओबीसी विंग जिला उपाध्यक्ष, आशीष सेन जिला शिक्षा बिंग अध्यक्ष, सोनू रजक जिला सोशल मीडिया प्रभारी, मनीराम पटेल पूर्व जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष, कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र पटेल, संजय कुशवाहा जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष, रामबाई वर्मा पूर्व महिला विंग जिला उपाध्यक्ष, ऋषि कुमार मिश्रा पूर्व जिला उपाध्यक्ष, संतोष सिंह रोल मंडल अध्यक्ष, कल्लू अहिरवार विंग उपाध्यक्ष छतरपुर आदि।



### पत्रकारों ने अबीर गुलाल के साथ खेली होली

**पवई।** सोमवार को देशभर में रंगों का पर्व होली बड़े उत्साह भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाया जा रहा है द्य इसी के तहत पवई नगर में नगर के पत्रकारों के द्वारा अबीर गुलाल की होली खेली गई जिसमें पत्रकार एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं देते हुए नजर आए द्य इसके साथ ही पत्रकारों द्वारा तहसीलदार प्रीति पंथी,वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल एसडीओपी सौरभ रत्नाकर एवं अन्य अधिकारियों जनप्रतिनिधि जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार,किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कान्हु राजा के साथ भी होली की शुभकामनाएं देते हुए रंग गुलाल की होली खेली द्य इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाठक, संतोष जैन, संदीप खरे, अभिषेक अग्रवाल, मनोज जयसवाल, जीत बढ़ोलिया,अनूप शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, विनय शंकर सिंह परिहार, राम सिंह मौजूद रहे।



### धाम मोहल्ला में खून की होली, 7 घायल, 1 की हालत नाजुक रीवा रेफर

#### घायलों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल रिफर के बाद रवाना होने से पहले मौत

पन्ना।

कोतवाली पन्ना अंतर्गत धाम मोहल्ला में होली के दिन 2 पक्षों में हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप धारण कर लिया जिसमें एक वृद्धा सहित 7 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पन्ना कोतवाली पुलिस के द्वारा घायलों को जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया कुछ घायल पन्ना कोतवाली भी पहुंच गए जिन्हें वहां से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया है कि 2 पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडा कुल्हाड़ी और हावड़ा चले। यहां तक कि कुछ बीच बचाव करने आने वाले लोगों को भी घायल होना पड़ा। 1 पक्ष के 4 और दूसरे पक्ष के 3 कुल 7 लोग घायल हो गए। जिनमें रज्जू उर्फ राजेश कुशवाहा उम्र लगभग 35 वर्ष की हालत नाजुक होने से जिला अस्पताल पन्ना से प्राथमिक उपचार उपरांत रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। पन्ना कोतवाली में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया है।

खबर संक्षेप

## बहनों ने भाईयों का तिलक कर की लंबी उम्र की कामना

**छतरपुर।** होली के दूसरे दिन भाई-दूज का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व पर बहनों ने अपने भाईयों का तिलक कर उनके लंबी उम्र की कामना की। त्यौहार को परंपरागत ढंग से मनाया गया।

जानकारी के मुताबिक सुबह से सनातन धर्मप्रेमी महिलाओं ने घर के बाहर गोबर के दूज बनाकर उनकी विधिविधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद भाईयों का तिलक कर त्यौहार मनाया। ऐसा माना जाता है कि भाई-दूज को बहनों द्वारा तिलक करने के बाद उनकी लंबी उम्र की कामना की जाती है। पौराणिक कथाओं में इस त्यौहार को मनाने की विधि बताई गई है। सदियों से यह त्यौहार मनाया जा रहा है। बहनों ने उत्साह के साथ अपने भाईयों का तिलक किया। भाईयों ने भी यथाशक्ति बहनों को उपहार देकर उनका मान बढ़ाया। ऐसा कहा जाता है कि इस त्यौहार में बहन भाई के घर आती है और उसका तिलक करती है जबकि यमद्वितीया के समय भाई बहन के घर जाकर तिलक करवाता है। विभिन्न शास्त्रों के अनुरूप अपने-अपने मत दिए गए हैं। कुल मिलाकर बहन ने भाई का तिलक कर उनके लंबी उम्र की कामना की।

## खजुराहो में विदेशी पर्यटकों ने जमकर खेली होली और हिंदी गानों पर किया डांस



**खजुराहो।** विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया,इस दौरान यहां आए विदेशी सैलानियों ने जमकर होली खेली और खूब रंगीन गुलाल उड़ाया,पर्यटकों ने डी.जे.पर बज रहे होली के हिन्दी गीतों पर जमकर डांस किया,देशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों ने भी इनके साथ होली का त्यौहार मनाया, गौरतलब है कि खजुराहो में रंगों के पर्व होली का मजा लेने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आये,यहां के स्टार रेटिंग तथा बजट क्लास होटलों में होली का त्यौहार मनाने के खास इंतजाम किए गए थे,सुबह से ही नगर में विदेशी सैलानी जगह जगह होली खेलते नजर आए, होली खेल रहे स्पेन से आए पर्यटकों ने बताया कि वे स्पेशल रूप से इंडिया की होली का फेस्टिवल मसलने खजुराहो आये हैं और हम सभी बहुत मजा कर रहे हैं।

## अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो युवकों को अवैध लेकर घूमते समय गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुंजबिहारी पुत्र हरदयाल पटेल उम्र 27 निवासी कतरवारा को 315 बोर के देशी कट्टा और एक जिंदा तथा एक खाली कारतूस तथा हेमराज पुत्र भवानीदीन पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी कतरवारा को 315 बोर की बंदूक तथा दो जिंदा कारतूसों के साथ पकड़ा है। दोनों के विरुद्ध 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई हरीशचंद्र यादव, प्रधान आरक्षक करण यादव, आरक्षक अरविंद सिंह राजपूत और प्रधान आरक्षक उमेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आरोपी के पिता की दुकानों को भी टीम ने नापा

# बसपा नेता हत्याकांड के प्रमुख आरोपी के अवैध निर्माण को किया गया धराशायी

छतरपुर

विगत 4 मार्च को छतरपुर शहर के सागर रोड पर बिजावर विधानसभा के बसपा नेता महेन्द्र गुप्ता की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस मामले का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन घटना का मुख्य आरोपी रानू राजा सहित अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित करने के साथ ही पुलिस ने उसके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को धराशायी करना शुरु कर दिया है। बुधवार को ईशानगर में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुख्य आरोपी द्वारा अवैध कब्जा कर बनाई गई चार दुकानों को धराशायी कराया गया। साथ ही आरोपी के पिता जो कि स्वयं भी अपराधी है, उसकी दुकानों की भी नपाई कराई गई है। घटना में शामिल कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन घटना का मुख्य आरोपी रानू राजा पुत्र प्रतिपाल सिंह निवासी सींगौन थाना ईशानगर अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। आईजी सागर द्वारा रानू राजा की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित कर विधि सम्मत कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिसका





पालन करते हुए बुधवार को पुलिस विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ईशानगर कस्बा पहुंची। जांच में पाया गया कि ईशानगर के मुख्य बाजार में रानू राजा द्वारा 4 दुकानों का निर्माण अवैध ढंग से किया गया है। बिजावर और नौगांव एसडीओपी सहित आधा दर्जन से अधिक थानों के पुलिस बल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में तत्काल ही रानू राजा की इन अवैध संरचनाओं को जेसीबी मशीन से धराशायी कराया गया। उक्त कार्यवाही के उपरांत टीम ने रानू राजा के पिता प्रतिपाल सिंह जो कि स्वयं एक शातिर अपराधी है और जेल में बंद है, उसके द्वारा बनाए गए व्यवसायिक कॉम्पलैक्स की भी नपाई कराई गई। गौरतलब है कि दिवंगत बसपा नेता महेन्द्र गुप्ता और सींगौन निवासी प्रतिपाल सिंह ठाकुर के बीच करीब 25 साल से रंजिश चली आ रही है और इसी रंजिश के तहत प्रतिपाल सिंह के पुत्र रानू ने उनकी हत्या की है। संभावना है कि शीघ्र ही प्रतिपाल सिंह की दुकानों पर भी कार्यवाही हो सकती है। उल्लेखनीय है कि बसपा नेता हत्याकांड के मुख्य आरोपी रानू राजा पर महेन्द्र गुप्ता की हत्या के अलावा और भी कई मामले पंजीबद्ध हैं, जिनमें कुछ हत्या के मामले भी शामिल हैं।

**इनका कहना है -**

पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने रानू राजा द्वारा ईशानगर में किए गए अवैध निर्माण को धराशायी करने की कार्यवाही की गई है, साथ ही उसके पिता प्रतिपाल सिंह के व्यवसायिक कॉम्पलैक्स की नपाई कराई गई है। प्रतिपाल सिंह अभी जेल में बंद है और उसके ऊपर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**अगम जैन**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

# घर के बाहर टहल रहे युवक को सांप ने काटा

छतरपुर

शहर के वार्ड नंबर 1 के गोकुलपुरम धाम में रहने वाला 30 वर्षीय अंशुल पुत्र मनोज द्विवेदी बीती शाम करीब 6 बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सर्पदंश के बाद अंशुल ने परिजनों को जानकारी दी, जो उसे जिला अस्पताल लेकर आए। फिलहाल जिला अस्पताल में अंशुल का इलाज किया जा रहा है। अंशुल के परिजनों का कहना है कि उनके वार्ड में स्ट्रीट लाइट नहीं है और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिस कारण से जहरीले जीव-जंतु यहां निकलते हैं। इस असुविधा पर नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



# परिवार गया था वृंदावन, चोरों ने ले ली घर की तलाशी सोने चांदी के जेवर और नगदी सहित 2 लाख की चोरी

छतरपुर

पूरा परिवार बच्चों की छुट्टी होने के कारण वृंदावन, मथुरा घूमने गया था तभी मौका पाकर चोरों ने घर की तलाशी ले ली। सोने चांदी के जेवर और 20 हजार नगदी सहित करीब दो लाख रुपए की संपत्ति चुरा कर चोर भाग गए । घर में घुसने की वारदात पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है । घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 40 सीताराम कॉलोनी में रहने वाले भोला शर्मा परिवार सहित 24 मार्च को मथुरा, वृंदावन घूमने गए थे तभी सूना घर पाकर 25 मार्च की रात करीब 3 बजे अज्ञात चोर उसके घर घुस गए। यह समय इसलिए सामने आया है क्योंकि पास में ही लगे सीसीटीवी कमरे में चोर के घर में घुसने की वारदात कैद हुई है। गृह स्वामी भोला शर्मा ने बताया कि 24 मार्च को वह वृंदावन गए थे जब वापस लौट रहे थे तब 26 मार्च को उनके घर के सामने रहने वाले व्यक्ति ने रात करीब 10 बजे उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर के दरवाजे खुले पड़े हैं। श्री शर्मा को समझते देर नहीं लगी कि उनके घर चोरी हो गई है । रास्ते से ही उन्होंने डायल 100 को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर आई पुलिस ने



घटनास्थल का मुआयना किया और कमरे की वीडियो रिकॉर्डिंग की। श्री शर्मा के मुताबिक घर में रखा मंगलसूत्र, सोने का झुमका, चांदी की पायल ,सोने के पुराने आभूषण और 20 हजार नगद रुपए सहित करीब 2 लाख रुपए की संपत्ति चोरी हुई है। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद पुलिस मौके पर आई और पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जिसमें 25 मार्च को रात करीब 3 बजे एक चोर के श्री शर्मा के घर में घुसने की तस्वीर कैद हुई है। पुलिस ने भरोसा जताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा होगा।

# होली पर हुए हरिओम शुक्ला हत्याकाण्ड का खुलासा तीन आरोपी पकड़े, भाजपा नेता फरार





छतरपुर

दो दिन पहले होली के अवसर पर कोतवाली थाना क्षेत्र के महोबा रोड पर एक विवादित प्लाट पर कब्जे को लेकर हुई गैंगवार में हरिओम शुक्ला नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल चार आरोपियों में से तीन की गिरफ्तारी पर से पर्दा उठाया। इस मामले में एक और आरोपी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह परिहार फिलहाल फरार है। पुलिस कंट्रोल रूम में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अगम जैन ने बताया कि 25 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे महोबा रोड पर हरिओम शुक्ला नाम के युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से भौतिक निरीक्षण करते हुए एफएसएल टीम, डॉग स्क्वाड, आईटी सेल द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। चूंकि घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे इसलिए तत्काल ही घटनास्थल के आसपास सहित शहर के मुख्य चौराहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में नाकाबंदी करा दी गई। मौके पर मिले साक्ष्यों, फरियादी के कथनों और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली थाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह परिहार, आकाश यादव उर्फ आकाश दऊवा निवासी सिंचाई कॉलोनी, अवधेश प्रताप सिंह उर्फ रासु राजा निवासी चेतगिरी कॉलोनी एवं शिवम सोनी उर्फ शुभम निवासी फौलादी कलम के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र जडिया का दिल का दौरा पड़ने से स्वर्गवास

**लवकुशनगर।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार और कवि लवकुशनगर निवासी राजेंद्र जडिया का दिल का दौरा पडऩे से स्वर्गवास हो गया है। श्री जड़िया जी करीब 59 बर्ष की आयु में अपने चहेतों को छोड़ कर परमधाम की यात्रा पर चले गए। श्री जडिया को लवकुशनगर में 24 मार्च की रात अचानक सीने में दर्द उठा जिससे उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए लवकुशनगर अस्पताल ले जाया गया जहां हार्ट अटैक की जानकारी हुई जिससे उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्वालियर में इलाज के दौरान बुधवार की रात करीब 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री जडिय़ा के आकस्मिक निधन होने की खबर से पत्रकार जगत एवं कवि जगत शोक में डूब गया।



# पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे युवा



छतरपुर

युवा शक्ति संगठन के युवा इन दिनों अभियान चला गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखकर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। संगठन द्वारा गर्मियां शुरू होते ही हर वर्ष यह अभियान चलाता है। उसी क्रम में युवाओं ने विगत वर्ष रखी गई टंकियों की साफ-सफाई कर उन्हें पुनः भरना शुरु किया है। यह अभियान युवा शक्ति संगठन की छतरपुर इकाई के अलावा महाराजपुर, पनागर, पिपट, गंज सिजारी, अनगौर सहित अन्य नगरों और कस्बों में चलाया जा रहा है। छतरपुर में संगठन के रोहित चौरसिया, अनूप चौरसिया, अस्मिता, कृष्णकांत, लवली, बबली, उमाशंकर प्रजापति, विश्वजीत, हरिओम राजपूत, छोटू प्रजापति, मनीष चौरसिया, शंकर कुशवाहा, सुनील साहू, आकाश कुशवाहा आदि सहयोग कर रहे हैं।

## भागने की फिराक में थे आरोपी, देरी रोड पर पकड़े

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा कर रहे थे। उक्त टीम ने आरोपियों के संबंधित ठिकानों पर दबिश देते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, जिससे सूचना मिली कि तीन आरोपी देरी रोड की ओर जाते हुए देखे गए हैं। सूचना मिलते ही गठित पुलिस टीम ने मार्ग की चारों तरफ से घेराबंदी कर तीन आरोपी आकाश, अवधेश और शिवम सोनी को महर्षि विद्या मन्दिर के पास से पकड़ लिया गया। तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें उनके द्वारा हत्या करना स्वीकार किया गया और हत्या का कारण पुरानी बुराई बताई गई। एसपी श्री जैन ने बताया कि आरोपी आकाश यादव के पास से घटना में प्रयुक्त 32 बोर का अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाईल फोन, ऑल्टो 800 कार, रासू राजा के पास से एक 315 बोर का देसी कट्टा, 3 मोबाईल फोन और शिवम सोनी के पास से 2 मोबाईल फोन जप्त किये गये हैं। घटना का मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह परिहार अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# आज बुन्देली उत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

## भाजपा का दामन थाम सकते हैं सिद्धार्थ शंकर बुन्देला



छतरपुर

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पर्यटक ग्राम बसारी में चल रहे दो दिवसीय बुन्देली उत्सव के समापन अवसर पर सम्मिलित होंगे। वे यहां बुन्देली संस्कृति के संरक्षण के लिए आयोजित किए जाने वाले इस महोत्सव में सहभागिता करने के लिए शाम 6 बजे यहां पहुंचेंगे। इसके पूर्व वे चंदला में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। पुलिस ने बसारी और चंदला में आयोजित होने वाले दोनों कार्यक्रमों में सुरक्षा की तैयारियां की हैं। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम और राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने मुख्यमंत्री के दौरे के पूर्व में तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक ली। राजनैतिक सूत्रों के मुताबिक पर्यटक ग्राम बसारी में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह बुन्देला के पुत्र सिद्धार्थशंकर बुन्देला भाजपा का दामन थाम सकते हैं। वे लंबे समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे हैं। 2018 और 2023 में राजनगर विधानसभा से टिकिट की मांग करने वाले सिद्धार्थशंकर बुन्देला को कांग्रेस ने दोनों बार नजरअंदाज कर दिया था जिससे दुखी होकर अब वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा सतना द्वारा उप प्रांताध्यक्ष का भव्य स्वागत

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी एवम्‌ प्रांतीय सदस्य नैपाल सिंह का एक दिवसीय सतना प्रवास के दौरान जिला अध्यक्ष और सभी कर्मचारियों ने माल्यार्पण द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का संचालन पूर्व सचिव अमित त्रिपाठी ने किया। उप प्रांताध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामकृपाल कोल को बधाई देते हुए शीघ्र जिला कार्यकारणी का गठन किए जाने एवम्‌ सदस्यता अभियान में गति लाने का निर्देश दिया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप प्रांताध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को एकजुट होकर संघ को मजबूत करने की सलाह दी गई। स्वागत समारोह में विनोद कुमार सेन, हेमराज नागर, ध्रुवचरित्र प्रजापति, राम प्यारे भास्कर, मनेन्द्र द्विवेदी, राम दयाल कोल, प्रहलाद वर्मा, सविता विश्कर्मा सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री के निज निवास पर हुआ फॉग गीत का आयोजन



**रीवा ।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निज निवास स्थान पर हुआ फॉग गीत का आयोजन जमकर उड़े गुलाल जानकारी के मुताबिक बताते चलें कि मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल अपने गृह जिले अपने निज निवास स्थान रीवा के अमहिया में होली मनाने पहुंचे हैं. उन्होंने अमहिया में विभिन्न समाज के लोगों और युथ क्लब के युवाओं संग होली खेली. इस दौरान डिप्टी सीएम फाग गीतों में जनता के झूमते दिखाई दिए. यहां डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने अपनों के बीच होली और फाग का आनंद लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई भी दी. वही भाजपा नेता आचार्य वर्धमान कुमार उरमलिया (पंकज) ने कहा कि होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है।

# वैश्य एवं व्यापारी नवयुवकों के साथ उप मुख्यमंत्री ने मनाई होली




**रीवा।** पुरानी कोतबाली के पास स्थित केशरवानी धर्मशाला में नवयुवक वैश्य एवं व्यापारी गुरप रीवा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित नवयुवकों ने उपस्थित अतिथियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया एवं रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा नगर महानगरों की श्रेणी में पंहुच चुका है जिसकी चहुं ओर प्रसंशा हो रही है। जबलपुर, भोपाल, इन्दौर के लोग भी अब यह मानने लगे है कि रीवा का विकास यदि इसी तरह से होता रहेगा तो हमारे क्षेत्र को पीछे छोड़ देगा। राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में हवाई जहाज की सौगात, चोरों ओर रिंग रोड़, अच्छी अच्छी सड़कों का जाल, फ्लाई ओब्हर आदि का निर्माण रीवा को चार चांद लगा दिया है तो वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 500 वर्ष बाद भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाकर देश को बहुत बड़ी सौगात दी है। मोदी जी के शासन काल में धारा 370 को हटाया गया है जो भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराता है। राजेन्द्र शुक्ल ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजकों की भूरि-भूरि प्रसंशा की। नवयुवकों को सम्बोधित करते हुए रीवा सांसद जर्नादन मिश्र ने कहा कि अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में रीवा जिले के विकास को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी, रीवा का रेल्बे स्टेशन के साथ ही नलजल योजना से हर गांव को पानी मिलने लगा है, खेती का रबका बढ़ा है किसान खुशहाल है, हमारे प्रदेश एवं केन्द्र की सरकार जनहितैषी सरकार है जिन्होने 10 वर्षो में अनकों ऐसे निर्णय लिये जो देश के विकास में सहयोगी बन देश को प्रगति को ओर ले जा रहे हैं होली मिलन कार्यक्रम आयोजको को साधुवाद देता हूं और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, एवं पूर्व पार्षद सूरज केवट ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए होली मिलन कार्यक्रम आयोजकों की भूरि भूरि प्रसंशा की। कार्यक्रम आयोजक आशुतोष गुप्ता ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया और कहा कि हमारा युवकों का संगठन भजपा की रीति नीति सिद्धतों पर चलकर रीवा सांसद को दिल्ली पहुंचाने में सहयोग करेगा। आयोजक मण्डल में विनोद गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, संजय गुप्ता,, राजकुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिब्बू गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में युवा युवतियां उपस्थित रहीं।

# देहात लोक रंग पर्व 2024 विश्व रंगमंच दिवस पर पंच लाइट का मंचन

**रीवा।** रावेन्द्र प्रताप सिंह शिक्षा सांस्कृतिक समिति द्वारा देहात लोक रंग पर्व का आयोजन विश्व रंगमंच दिवस₹ 27 मार्च के अवसर पर पत्रकार भवन, कला मंदिर में दोपहर 2:00 बजे से हुआ। विश्व रंगमंच दिवस को यूनेस्को द्वारा अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के सहयोग से कलाकारों और जनता के लिए निर्धारित किया गया है। कलाकार अपनी नाट्य प्रस्तुतियों लोक कलाओं की प्रस्तुतियां करते हैं इसी क्रम में मण्डप आर्ट रीवा, रंग अनुभव रीवा, आर्ट पॉइंट रीवा के संयुक्त तत्वाधान में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्व्लन कर किया गया। द्वीप प्रज्व्लन के कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. राजमणि तिवारी, कुंवर सुधीर सिंह, रंगकर्मी विनोद मिश्रा एवं संस्था की अध्यक्ष उर्मिला सिंह उपस्थित रहे। विंध्य लोकगीत एवम भजनों की सांगीतिक प्रस्तुति यशो शास्त्री ग्राम भलुहा एवम साथियों द्वारा हुई। इनमें प्रभु राम आराधना, हनुमान आराधना और फागोत्सव के अनुरूप होली गीत मुख्य रहे। शांभवी श्रीवास्तव द्वारा घूमर नृत्य की प्रस्तुति और आराध्या सिंह ने राधा कृष्ण रास नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की।फणीश्वरनाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी पर आधारित नाटक 'पंचलाइट' का मंचन आरंभ हुआ। हम ग्राम प्रधान देश है। नाटक पंचलाइट में भारतीय ग्रामीण परिवेश का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। कथा का वातावरण विंध्य का रखा गया है।जब महतो टोली के रहवासी अशिक्षित थे। लेकिन महतो टोला की पंचायत के द्वारा रामनवमी के मेले से पेट्रोमेक्स खरीदा जाता है। जिसे वे प्रेम, दुलार, नेह से 'पंचलैट' कहते हैं। 'पंचलाइट' को महतो टोला के सीधे-सादे रहवासी आत्म सम्मान हैं। पंचलाइट को देखने के लिए महतो टोला के सभी बालक, औरतें, बुजुर्ग और मर्द इकट्ठे हो जाते हैं। सरपंच अपनी पत्नी को आदेश देता है कि पंच लाइट को प्रकाशमान करने के पूर्व, शुभ कार्य को करने से पहले जितना पूजा-पाठ का प्रबन्ध कर लिया जाय।



सभी जन गीत संगीत नृत्य करते हुए उत्साहित हैं, किंतु तभी एक विकट समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। 'पंचलैट' को आलोकित कौन करेगा? महतो टोला के सीधे-सादे लोग पंचलैट को जलाना ही नहीं जानते।महतो टोले में एक परदेसी युवक गोधन रहता है। महतो टोले की मुनरी नामक नवयुवती से प्रेम करता है। इस प्रेम का मुनरी की अम्मा को पता चलता तो पंचों से गोधन की शिकायत करती है, गोधन हमारे घर के सामने से सिनेमा का गाना गाता हुआ रोज निकलता है। पंच शिकायत के दण्ड स्वरूप पंचों ने गोधन का गांव से हुक्का पानी बंद कर दिया था। मुनरी और मुनरी की सखी रज्जो को पता है कि गोधन इस ₹पंचलाइट₹ से रौशनी पैदा कर सकता है, और महतो टोला के आत्म सम्मान को बचा सकता है। मुनरी चतुराई से पंचों तक यह बात पहुँचा देती है। पंच गोधन का हुक्का पानी खोल देते हैं। गोधन 'पंचलाइट' को जला देता है। मुनरी की अम्मा गुलरी काकी प्रसन्न होकर गोधन को शाम के भोजन का निमन्त्रण देती है। पंच भी अतिउत्साहित होकर गोधन को कह देते हैं- ₹तुम्हारा सात खून माफ। खूब गाओ सलीमा का गाना।₹ पंचलाइट की रोशनी में लोग भजन-कीर्तन करते हैं तथा उत्सव मनाते हैं। विंध्य के गीत, संगीत, नृत्य, बोली, सभ्यता और हरकतों से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों के मन को गुदगुदाया और सभी को एक सूत्र में बांध दिया।

सरपंच के चरित्र को विपुल सिंह ने जीवंत कर दिया, दीवान के चरित्र में ओमकार शर्मा ने दर्शकों को मुंह खोल हसने पर मजबूर कर दिया, छाता वाले का चरित्र सागर मिश्रा ने बखूबी निर्वाह किया।गोधन के चरित्र में रत्नेश गोस्वामी और मुनरी के चरित्र में श्रुति कीर्ति द्विवेदी ने दर्शकों का कोमल ह्रदय स्पर्श कर अठखेलियां किया। गुलरी काकी के चरित्र अभिनेता राज कुमार कोरी ने अपनी हरकतों से दर्शकों को ठहाके लगाने और मुस्कुराने के लिए प्रेरित किया, अन्य चरित्रों में बादल नट, मोहित कुशवाहा, भूमिका निगम, काजोल, अंशिका मिश्रा, सुधीर सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, अंशिका तिवारी आदि ने न्याय किया और मन को गुदगुदाया। संगीत संकलन, संचालन एवम प्रकाश संचालन विनोद कुमार मिश्रा, मंच व्यवस्थापक राजमणि तिवारी, मंच सामग्री एवम रुपसज्जा सुधीर सिंह, वेशभूषा सुमन मिश्रा की एवम मंच परिकल्पना, प्रकाश परिकल्पना एवं निर्देशन मनोज कुमार मिश्रा ने किया है। प्रस्तुति रंग अनुभव सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा की रही। नाटक पंच लाइट ने दर्शक दीर्घा को रोमांचित किया दर्शकों ने एक स्वर में करतल ध्वनि में कहा नाटक का मंचन सशक्त हुआ है और हमारे अंतस में अमिट लेख सा जीवन भर अंकित रहेगा। नाटक ज्ञानवर्धक है समाज में प्रेम और संभव से रहने की शिक्षा देता है। भारत में सबसे प्राचीन रंगमंचीय शैली विद्या प्रकाश तिवारी ने कहा कि भारत का असली रंगमंच जो अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है और हमारे कानों में भी ये डाल दिया गया है कि जो शैली विदेशों से यहां फली फूली वहीं रंगमंच है। ऐसा कैसे हो सकता है हमारी समस्या अलग हैं, हमारा समाज अलग है, हमारी संस्कृति है,संस्कार अलग है और सभ्यता अलग अन्य देशों से।इन्ही विचारों को मन में रख कर एक शुद्ध और देशी लोककथा ₹पंच लाइट₹ की रंगमंचीय मंचन हुआ, विस्मृत और अलग रंगानुभूति का आनंद मिला।मंच संचालन अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया एवं विश्व रंगमंच दिवस संदेश को दर्शकों के सम्मुख पढ़ा गया।

# लोस चुनाव के लिए अधिसूचना आज होगी जारी, नामांकन पत्र आज से होंगे दाखिल

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार रीवा संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने का क्रम आरंभ होगा। मतदान के लिए 26 अप्रैल की तिथि का निर्धारण किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 15 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मार्च को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र जमा करने का क्रम शुरू हो जाएगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 5 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 8 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापस करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

# होली का रंग संवारने मुस्तैद रही पुलिस फिर भी जगह-जगह बहे लहू

**रीवा ।** होली का त्यौहार मिलन का त्यौहार होता है, इस त्यौहार में लोग सारे गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे के गले मिलते है। लेकिन ये प्रचलन समाप्त हुए वर्षो बीत गये, अब तो होली का त्यौहार लोग दारू पीने और दुश्मनी भुनाने का त्यौहार मानने लगे है। रंगो की होली अब खून की होली का रूप ले ली है। कोई दारू पीकर वाहन चलाने में वीर गति को प्राप्त होता है तो कोई दुश्मनों का शिकार होने पर। पुलिस इस होली के त्यौहार को शांति प्रिय बनाने के लिए एक ह ते से कसरत करने लगती है। एसपी थानावार अपराधों की जानकारी लेकर अपराधियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने के संकेत देते है ताकि रंगों का त्यौहार किसी के घर को बेरंग न कर दे। पुलिस बल कम होने के बावजूद भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात करते हैं ताकि कोई तेज वाहन चलाते हुए न निकले और न ही कोई अप्रिय घटना घटे। आमजनो का रंग संवारने के लिए पुलिस के आला अधिकारी हर संभव प्रयास करते हैं, ताकि हुड़दंग होली को बेरंग न कर दे। लेकिन इस वर्ष दारूखोर हुड़दंगो ने सारी सीमायें ही पार कर दी। जिधर ही देखो उधर ही पुलिस पर जानलेवा हमला होने की खबर आलोक में आई। होलिका दहन के दिन बैकुंठपुर पुलिस पर दारूखोरों ने जानलेवा हमला किया तो वहीं दूसरे दिन धुरेड़ी को रायपुर कर्चुलियान पुलिस पर दारूखोरों ने जानलेवा हमला कर पुलिस विभाग में दहशत फैला दी। ये अलग बात रही कि घटना की जानकारी लगते आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर घर-घर घुसकर जमकर खाकी का रंग दिखाया और कई लोगों को घसीट कर थाना ले आई। जिसमें महिलायें भी शामिल हैं। यदि हम रायपुर कर्चुलियान में हुई वारदात की बात करें तो वहां दारूखोरों ने बंद पड़ी शराब दुकान का दरवाजा तोड़ कर शराब सहित नगदी रूपये लूट लिये और जब पुलिस पहुंची तो उस पर जानलेवा हमला कर भाग निकले। इसी प्रकार बैकुंठपुर कस्बे के दलित बस्ती के सामने दलितों का झुंड अराजकता फैला रहा था और जब पुलिस पहुंची तो टीआइ्र पर चाकू से हमला कर दिया। गनीमत रही कि चाकू टीआई को न लग कर बचाव में सामने आई आरक्षक को लगी। दारूखोरो की टोली पुलिस की अभिरक्षा में रहे अपने साथी को छुड़ाकर भागने में कामयाब रहे। बताया जाता है कि इस वारदात में दलित महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था।



# युवा विकसित भारत के अग्रदूतः जनार्दन मिश्रा

**रीवा ।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित हो जाएगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी कठिन परिश्रम में जुटे हुए हैं युवा तरुणाई मोदी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है भाजपा युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीड है विकसित भारत के अग्रदूत बनाकर युवा तरुणाई हर बूथ में विजय के संकल्प को पूरा करें और अतिरिक्त 370 वोट प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत से जुटे युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा जवा में कहीं श्री मिश्रा ने युवा मोर्चा द्वारा विधानसभा वार्ड आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागी हुई शाहपुर सिरमौर और जवा मैं आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में एकत्रित युवाओं ने भाजपा के विजय का संकल्प लिया भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा ने सभी युवाओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और आने वाला समय भारत की तरक्की और विकास की नई गाथा लिखेगा यही अवसर है और सही अवसर है जब हम अपने समर्थ और परिश्रम से जन-जन का दिल जीते और हर वोट बीजेपी को मिले इसके लिए हर व्यक्ति से संवाद और संपर्क करें मैं हमेशा सेवक बनाकर जनता की सुख दुख में खड़ा रहता हूं कोरोना काल जैसी विपदा में भी मैं दिन-रात जनता की सेवा के लिए समर्पित होकर जुटा रहा इस अवसर पर हरि प्रकाश कुशवाहा उत्कर्ष पटेल दयानंद तिवारी त्रियूगिईनारायण पटेल शिवेंद्र शुक्ला पुष्पराज सिंह विजय सोनी सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित है

# जगन्नाथ मंदिर में चढ़ा अटिका प्रसाद, सैकड़ो भक्तों ने लिया हिस्सा





**रीवा।** रीवा। होली पर्व पर रीवा शहर के बिछिया में स्थित जगन्नाथ मंदिर में अटिका प्रसाद चढ़ाया गया। जिसमें भगवान जगन्नाथ स्वामी को कढ़ी-भात का प्रसाद चढ़ाने के बाद लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया जगन्नाथ मंदिर में अटका प्रसाद में सैकड़ो भक्तों ने हिस्सा लिया और होली पर्व की एक दूसरे को शुभकामना देने के साथ ही कढ़ी-भात का प्रसाद ग्रहण किए। बिछिया के जगन्नाथ मंदिर में हर वर्ष रंगों का यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशेष पूजा अर्चना की जाती और उन्हें अटिका प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस दौरान होली गीत, फाग गीत के आयोजन होने के साथ ही उत्सव मनाया जाता है। जानकारों के द्वारा बताया गया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथ स्वामी के दर्शन और उनके महाप्रसाद के सेवन से मनुष्य पाप मुक्त हो जाता है। उनके भात को लेकर सदियों से जाति पंथ का भेदभाव समाप्त हुआ। उनके प्रसाद मात्र से एक भाव आने के साथ ही, सामाजिक समरसता और भाई चारा को बढ़ावा मिलता है। बता दें कि बिछिया स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बीते 57 सालों से यह आटिका महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रद्वालुओं को प्रसाद के रूप में कढ़ी-भात का वितरण होता है। वहीं यह मंदिर काफी मान्यताओं वाला है। जहां पूजा-अर्चना की परंपरा रीवा राज घराने के द्वारा शुरू की गई थी। मंदिर का निर्माण कार्य रीवा महाराजा रघुराज सिंह ने शुरू किया था। जिसे कालांतर में तत्कालीन रीवा महाराजा व्यंकट सिंह ने पूरा करवाया था। मान्यता के मुताबिक मंदिर 223 वर्षों पुराना है।

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ग्रहण किया भगवान जगन्नाथ का प्रसाद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल बिछिया स्थिति जगन्नाथ मंदिर पहुंच भगवान के दर्शन उपरांत प्रशाद ग्रहण किया उन्होंने कहा की होली के दिन होली मनाने के साथ ही जगन्नाथ मंदिरो मे प्रशाद वितरण किया जाता है जिसको लेने भक्तो की लंबी लंबी लाईन लगती है पिछले 58 वर्षो से यहां प्रशाद वितरण किया जा रहा हैं उन्होनें इस दौरान कहा की जल्द ही इस मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा और अगली गोली में यहां का नजारा अलग ही दिखेगा।

# होली के अगले दिन पुलिस लाइन में बरसा रंग-गुलाल

**डीजे की धुनों पर मस्त होकर थिरके पुलिसकर्मी**

**रीवा ।** जिले मे सोमवार को जब सभी जिलेवासी होली मना रहे रहे तो पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और शांति व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी थी। होली के आगले दिन मंगलवार को पुलिस ने होली मनाई सभी पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाए। वहीं सभी संगीत की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आए। पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और सभी थाना प्रभारी होली के रंग में सराबोर नजर आए। रीवा एसपी विवेक सिंह ने नागिन डांस गाने की धुन पर पुलिसकर्मियों के साथ जमकर ठुमके लगाए वहीं दूसरी ओर एडिशनल एसपी विवेक लाल और अनिल सोनकर ने छोरा गंगा किनारे वाला की धुन पर



महफिल लूट ली वही महिला पुलिसकर्मियों के उत्साह में भी कोई कमी नजर नहीं आई। बिछिया थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान, नौबस्ता चौकी प्रभारी अंकिता मिश्रा, महिला थाना प्रभारी निशा मिश्रा और निशा खूता ने होली खेलै रघुबीरा अवध में और जोगी जी गाने की धुन पर जमकर डांस किया। वहीं एसडीएम वैशाली जैन ने बैक टू बैक कई गाने सुनाये। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली और बॉलीवुड के गीतो और डीजे की धुन पुलिसकर्मियों ने जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के साथ साथ नए नवेले आरक्षकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार इस तरह के आयोजन में उन्होंने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण त्योहार मनने के बाद कई पुलिसकर्मियों ने अवकाश भी लिया। हर साल होने वाले इस तरह के आयोजन में सभी पुलिसकर्मी शरीक होते हैं।